प्रेसनोट **दिनांक- 13.10.2026**

सरकार की मंशा के अनुरूप ग्राम प्रहरियों के सम्मान में पुलिस लाइन मऊ में आयोजित हुआ कार्यक्रम, मानदेय वृद्धि से बढ़ेगा मनोबल

मऊ। माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा ग्राम प्रहरियों के सम्मान एवं उनके कल्याण के लिए की गई पहल तथा शासन द्वारा उनके मासिक मानदेय में की गई वृद्धि के क्रम में आज दिनांक 13.10.2026 को पुलिस लाइन मऊ में ग्राम प्रहरियों के सम्मान कार्यक्रम में श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी श्री नवीन अरोड़ा, पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़ श्री सुनील कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा मय जनपद के ग्राम प्रहरियों के साथ मा0 मुख्यमंत्री द्वारा संचालित कार्यक्रम में जरिये वीसी सम्मिलित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी श्री नवीन अरोड़ा द्वारा जनपद मऊ के समस्त ग्राम प्रहरियों को संबोधित करते हुए कहा की ग्राम प्रहरी पुलिस व्यवस्था की मजबूत कड़ी है तथा उन्हे अपने-अपने गांवों में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, आपराधिक घटनाओं एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल संबंधित थाने तक पहुंचाने तथा पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया एवं उनके दायित्यो के प्रति जागरूक किया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रहरियों का मासिक मानदेय ₹2,500 से बढ़ाकर ₹3,500 किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिससे ग्राम प्रहरियों के मान देय में 1000 वृद्धि हुई उक्त मानदेय में की गयी वृद्धि से जनपद के सभी ग्राम में काफी उत्साह है, मानदेय में की गई यह वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में ग्राम प्रहरियों के योगदान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि ग्राम प्रहरी ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस एवं आमजन के बीच संपर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके सहयोग से अपराधों की रोकथाम, शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने में सहायता मिलती है।

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम प्रहरियों के योगदान को सम्मान देना, उनका मनोबल बढ़ाना तथा ग्रामीण स्तर पर पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा।

मऊ पुलिस ग्राम प्रहरियों के सहयोग से जनपद में अपराध नियंत्रण, जनसुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

नवरात्री, दशहरा पर्व एव आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी, जोन वाराणसी द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़, जिलाधिकारी मऊ एवं पुलिस अधीक्षक मऊ की उपस्थिति में पुलिस लाइन मऊ के सभागार कक्ष में पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों एवं संभ्रांत व्यक्तियो के साथ की गई विस्तृत चर्चा।

आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिनांक 13.10.2026 को अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी श्री नवीन अरोड़ा द्वारा पुलिस लाइन मऊ के सभागार कक्ष में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़ श्री सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी मऊ श्री आनंद वर्धन एवं पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण एवं पीस कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने, आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने तथा जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित संभ्रांत नागरिकों एवं पीस कमेटी के सदस्यों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं स्थानीय परिस्थितियों की जानकारी प्राप्त की गई।

☐ शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर

एडीजी सर वाराणसी जोन द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी पुलिस प्रबंध किए जाएं। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए निरंतर भ्रमणशील रहकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

☐ अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर रखी जाए कड़ी नजर

बैठक में सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक, भड़काऊ एवं आपत्तिजनक पोस्ट पर सतत निगरानी रखने तथा अफवाह फैलाकर शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आमजन से अपील की गई कि किसी भी अपुष्ट सूचना पर विश्वास न करें और न ही ऐसी सूचनाओं को साझा करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा अफवाह की जानकारी तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को दें।

☐ संवाद, समन्वय एवं जनसहभागिता पर बल

पीस कमेटी के सदस्यों एवं संभ्रांत नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर पुलिस एवं प्रशासन को तत्काल अवगत कराएं, जिससे समय रहते उसका समाधान किया जा सके। साथ ही धार्मिक आयोजनों एवं परंपराओं के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग देने की अपील की गई।

☐ अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

जिलाधिकारी मऊ एवं पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा जनपद में त्योहारों के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की गई। संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, नियमित गश्त एवं चेकिंग करने, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखने तथा आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

बैठक के अंत में सभी से अपील की गई कि आगामी त्योहारों को आपसी प्रेम, भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं तथा जनपद मऊ में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें।

मऊ पुलिस — आपकी सुरक्षा, संकल्प हमारा।

अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी, जोन वाराणसी द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़ एवं पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा दुर्गा पूजा व दशहरा के दृष्टिगत संवेदनशील स्थान, कार्यक्रम स्थलों (रामलीला, भरत मिलाप आदि) का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, संबंधित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी श्री नवीन अरोड़ा, पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़ श्री सुनील कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा जनपद मऊ में दुर्गा पूजा पंडालों, रामलीला एवं दशहरा से संबंधित कार्यक्रम स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी पूजा पंडालों एवं कार्यक्रम स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए।

इसके अतिरिक्त आयोजकों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने, यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, अग्निशमन एवं आपातकालीन व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान सतर्क दृष्टि रखते हुए शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करें, ताकि सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सुरक्षित वातावरण में सकुशल संपन्न हो सकें।

मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत सराहनीय कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों एवं बालिकाओं को अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी, पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र आजमगढ़, जिलाधिकारी मऊ एवं पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित।

मऊ। मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में सराहनीय कार्य करने वाली महिला पुलिसकर्मियों एवं बालिकाओं को आज दिनांक 13.10.2026 को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी श्री नवीन अरोड़ा पुलिस उपमहानिरीक्षक, आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़ श्री सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन एवं पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा सराहनीय कार्य करने वाली महिला आरक्षियों एवं बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके प्रयासों की सराहना की गई तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। इस दिशा में पुलिस विभाग द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं एवं बालिकाएं बिना किसी भय के समाज में आगे बढ़ सकें और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।

सम्मानित महिला पुलिसकर्मियों एवं बालिकाओं के कार्यों की सराहना करते हुए अधिकारियों ने उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा, समर्पण एवं उत्साह के साथ कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। साथ

ही, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के लिए समाज के सभी वर्गों से सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई।

मऊ पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से उन्हें जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

थाना दोहरीघाट पुलिस व स्थानीय नाविक की सूझबूझ से बची जान, दोहरीघाट पुलिस ने घाघरा नदी पुल से कूदे व्यक्ति को किया सकुशल रेस्क्यू-

मऊ: जनपद के थाना दोहरीघाट क्षेत्रान्तर्गत नई बाजार घाघरा नदी पुल से नदी में कूदे एक व्यक्ति को थाना दोहरीघाट पुलिस और स्थानीय नाविक की त्वरित सूझबूझ एवं साहसिक प्रयास से पुराने पुल बड़हलगंज के पास से सकुशल बचा लिया गया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार, आज प्रभारी निरीक्षक रामायण सिंह को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने नई बाजार स्थित घाघरा नदी पुल से छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रामायण सिंह मय हमराह के तत्काल मौके पर पहुंचे और बिना एक पल गंवाए स्थानीय नाविक नागे उर्फ वृजेश की सहायता से नदी में रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

पुलिस बल और नाविक के संयुक्त प्रयासों से कड़ी मशक्कत के बाद डूब रहे व्यक्ति को पुराने पुल बड़हल के पास से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

नदी में कूदे व्यक्ति का विवरण:

- **नाम:** विजय कुमार
- **पुत्र:** चौधरी निवासी: मधपुर, थाना- बड़हलगंज, जनपद- गोरखपुर।

व्यक्ति को सकुशल बचाने के उपरांत पुलिस द्वारा आवश्यक प्राथमिक उपचार व देखभाल की जा रही है तथा उसके परिजनों को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। पुलिस की इस तत्परता और मानवीय कार्य की स्थानीय नागरिकों द्वारा भरपूर सराहना की जा रही है।

जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, 07 वारण्टी गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में दिनांक- 13.10.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग- अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी /बरामदगी व विभिन्न मामलों में वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

***थानावार कार्यवाही का विवरण*-**

1.थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा वारंटीगण राजू मुसहर पुत्र लालचन्द मुसहर, रामा पुत्र बलिजोड़ निवासी गण रैनी थाना दक्षिण टोला

2.थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त शहजादे पुत्र राशिद निवासी भुइलीपुर

3. थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त शशि शंकर पुत्र राम अवध राय निवासी थलईपुर हलधरपुर

4. थाना मधुबन पुलिस द्वारा अशोक कुमार गुप्ता पुत्र रामसहाय निवासी सुल्तानपुर बाराहगावां थाना मधुबन

5. थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्तगण 1.सुन्दर उर्फ श्याम सुन्दर पुत्र चन्द्रबली, सुदर्शन चौहान पुत्र वरून निवासीगण सरौदा थाना चिरैयाकोट मऊ

अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया।

थाना मधुबन जनपद मऊ पुलिस आम जनता की गुम 06 अदद मोबाइल फोन (कीमत लगभग 111000 रुपये) को उनके स्वामियो को वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में द्वारा साइबर अपराध एवं मोबाइल फोन बरामदगी के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में थाना मधुबन साइबर पुलिस टीम द्वारा आम जनता की 06 अदद मोबाइल फोन जो भिन्न भिन्न दिनांक को गुम हो गयी थी जिसे आवेदक द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर कम्पलेन किया गया था। गुम मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 111000 लाख रुपये को आज दिनांक 13.10.2026 को साइबर क्राइम पुलिस टीम थाना मधुबन जनपद मऊ द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बरामद कर उनके मालिक को तस्दीक कर सुपुर्द किया गया ।

मोबाइल फोन बरामदगी विवरण-

1. विजय पुत्र दूधनाथ सा0 धरमपुर कसायर थाना मधुबन मऊ

मोबाइल- Realme कीमत 15000रू0 की गुम स्थान--- धरमपुर कसायर

2. बृजभान चौहान पुत्र अयोध्या चौहान सा0 कोरया सिपाह थाना मधुबन जनपद मऊ

मोबाइल- Realme कीमत 18000रू0 की गुम स्थान--- मेहन्दिया कुण्ड

3.वेद प्रकाश पाण्डेय पुत्र राम प्यारे सा0 टमठा दुबारी थाना मधुबन जनपद मऊ

- मोबाइल- OPPO कीमत 20000रू0 की गुम स्थान--- कस्बा मधुबन

4.शिवांगी यादव पुत्री नन्दलाल यादव सा0 भवरूपुर थाना मधुबन जनपद मऊ

- मोबाइल- SUMSUNG कीमत 18000रू0 की गुम स्थान--- कस्बा मधुबन

5. अर्चना पाण्डेय पत्नी संग्रीत पाण्डेय सा0 मझौवा थाना मधुबन जनपद मऊ

- मोबाइल- SUMSUNG कीमत 20000रू0 की गुम स्थान--- कस्बा मधुबन

6. मुरलीधर पुत्र स्व0 चतुरी प्रसाद सा0 खरैचा थाना मधुबन जनपद मऊ

- मोबाइल- SUMSUNG कीमत 20000रू0 की गुम स्थान--- कस्बा मधुबन

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ द्वारा बताया गया कि यह अभियान नागरिकों की सुरक्षा और उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए चलाए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। नागरिकों की सुरक्षा और उनके सामानों की रक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मऊ पुलिस आम नागरिको से अपील करती है कि वे अपने मोबाइल फोन के IMEI नंबर सुरक्षित रखें और किसी भी प्रकार की चोरी या गुमशुदगी की घटना की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में दिनांक- 13.10.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-

इस अभियान के अंतर्गत टीमे गठित कर जनपद के विभिन्न स्थानों पर बदल बदलकर सदिग्ध वाहनो/ व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 269 वाहनों को एमवी एक्ट के अन्तर्गत चालान व 03 वाहन को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील किया गया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानों पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।